सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

कक्षा:-6	विषय: कहानी संचय	पाठ:४ गुलेलबाज़ लड़का

प्रश्न उत्तर

प्र०१) बोधराज कैसा बालक था?

उ०) बोधराज छठी कक्षा में पढ़ने वाला गुलेलबाज़ लड़का था। पक्षियों पर निशाना लगाने में उसे बड़ा आनंद आता था।

प्र०२) बोधराज की माँ उसे राक्षस प्रवृति का क्यों कहा करती थी?

उ०) बोधराज कभी कोई ऐसा खेल नहीं सोचता था, जिसमें किसी को कष्ट नहीं पहुँचाया गया हो इसीलिए बोधराज की माँ उसे राक्षस कहा करती थी।

प्र३) चील गोदाम में क्यों आई थी?

उ०) चील मैना के छोटे-छोटे बच्चों को अपना भोजन बनाने के लिए आई थी।

प्र०४) बोधराज का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ?

उ०) मैना के बच्चों को बचाने के संघर्ष में बोधराज का हृदय परिवर्तन हुआ।

प्र०५) बोधराज ने मैना के बच्चों को कैसे बचाया?

उ०) बोधराज ने बच्चों को घोंसले सहित गोदाम से उठाकर गैराज में सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बचाया।